राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार
परिवार कल्याण भवन
शेखपुरा, पटना – 800014

फिजियोथेरापिस्ट एवं ऑकुपेषनल थेरापिस्ट के अनुबंध पर चयन हेतु पैनल निर्माण।

➢ राज्य के सभी सदर एवं अनुमंडल अस्पतालों में फिजियोथेरापिस्ट एवं ऑकुपेषनल थेरापिस्ट के संभावित रिक्तियों पर अनुबंध पर नियुक्ति के लिए पैनल निर्माण हेतु आवेदन आमंत्रण।

स्वास्थ्य विभाग, बिहार के अधीन सभी जिला अस्पतालों एवं अनुमण्डलीय अस्पतालों में फिजियोथेरापिस्ट एवं ऑकुपेषनल थेरापिस्ट के संभावित नवसृजित रिक्तियों पर अनुबंध/मानदेय के आधार पर चयन हेतु पैनल निर्माण किया जाना है जिसके लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। निर्मित पैनल **31 दिसम्बर, 2009** तक प्रभावी रहेगा।

2. **योग्यताः**– सरकारी या सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थान से डिग्री/डिप्लोमा।

3. रिक्ति उपलब्ध रहने पर इस पैनल से इन फिजियोथेरापिस्ट एवं ऑकुपेषनल थेरापिस्ट का सरकार के आरक्षण नियमों का पालन करते हुए संविदा पर चयन किया जाएगा।

4. **मानदेयः**–डिग्री धारकों के लिए 8000/– (आठ हजार रू0 मात्र) प्रतिमाह एवं डिप्लोमा धारकों के लिए 7000/– प्रतिमाह। इसके अतिरिक्त कोई राशि देय नहीं होगी।

5. **आयु सीमाः**– उपरोक्त सभी कोटि के चिकित्सकों के लिए अधिकतम आयु सीमा 60 वर्ष होगी।

6. पैनल निर्माण का आधारः– उम्मीदवारों के पैनल निर्माण का आधार उनके डिग्री/डिप्लोमा के अंतिम वर्ष का प्राप्तांक प्रतिषत होगा। डिग्री धारकों एवं डिप्लोमाधारकों का अलग–अलग पैनल निर्माण किया जायेगा। डिग्री धारकों से सम्भावित रिक्तियों के भरने के पष्चात् ही बची रिक्तियों को डिप्लोमाधारकों से भरा जायेगा।

7. योग्य उम्मीदवार विहित प्रपत्र में अपने सभी वांछित अभिप्रमाणित प्रमाण–पत्र, एक अभिप्रमाणित फोटो पांच जिलों के विकल्प के साथ निम्नलिखित पते पर अनुबंधित डाक से आवेदन दे सकते हैं। **विहित प्रपत्र राज्य स्वास्थ्य समिति के बेवसाइट www.shsbihar.org से डाउनलोड की जा सकती है। आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 30.11.08 होगी।**

कार्यपालक निदेशक

प्रशासी पदाधिकारी
राज्य स्वास्थ्य समिति,
परिवार कल्याण भवन,
शेखपुरा, पटना–14